कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सत्यप्रकाश शर्मा पुत्र श्री रमेश चन्द शर्मा निवासी 4 ,शिव कालोनी, टावर वाली गली, मन्नाका रोड, अलवर –301001।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी दौसा।

अपील सं0 17/2021

<u>निर्णय</u> दिनांक :22.04.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी दौसा, जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल उपलब्ध नही करवाई गई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार महवा, जिला दौसा को प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र एवं संलग्नक की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1018 दिनांक 23.03.2021 एवं स्मरण पत्रांकः डी0एम0 /कोर्ट /आरटीआई/2021/1098 दिनांक 15.04.2021 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी दौसा, जिला दौसा से प्राप्त पत्रांकः आरटीआई/2021/12116 दिनांक 08.04.2021 द्वारा अवगत करवाया की आवेदक द्वारा चाही गई सूचना एवं दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराया जाना नियमोचित नही है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली मे संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official